

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

सपरिवार गोल्डन टेंपल पहुंची अनन्या पांडे

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 264 ■ सोमवार, 13 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe

## घर में घुसकर चोरी करने वाली 2 महिलाएं गिरफ्तार

- भीख के बहाने घर में घुसकर करती थी चोरी
- अंबरनाथ से पुलिस ने किया गिरफ्तार
- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई महिलाएं
- उल्हासनगर पुलिस में मामला दर्ज





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस थाना क्षेत्र के वाल्मीकि नगर की दो महिलाओं को अंबरनाथ से गिरफ्तार कर लिया गया है. कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर यह वायरल हो रहा था कि उल्हासनगर के वाल्मीकि नगर में दो महिलाएं घरों में घूम रही हैं और घरों से पैसे मोबाइल और अन्य किंमती सामान चोरी किया करती है।

आखिरकार उल्हासनगर पुलिस ने शिकायत के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अंबरनाथ शहर से इन दो महिलाओं रविना रमेश वागरे और खुशी वालाराम नट को गिरफ्तार कर लिया है, जो महिलाएं हाथों में बच्चे लेकर भिक्षा मांगने के बहाने घरों में घुसकर मोबाइल फोन और पैसे चुराती है। दोनों को न्यायालय में पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है।

# पॉक्सो व ड्रग्स से संबंधित अपराधों में वृद्धि

## परिमंडल-4 के सामने कानून और व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती

**उल्हासनगर.** नए साल के अवसर पर पुलिस उपायुक्त ने जोन-4 के अंतर्गत आने वाले शहरों अंबरनाथ, बदलापुर और उल्हासनगर में पिछले दो वर्षों में अपराध दर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया है। यद्यपि हत्या की दर में कुछ हद तक कमी आई है, लेकिन जांच के आंकड़ों से पता चलता है कि POCSO और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों में वृद्धि हुई है। इसके अलावा सोने की चेन चोरी और घरों में सेंधमारी की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। इस अपराध को नियंत्रित करने के लिए जोन 4 को बड़ी चुनौती दी गई है।







हर साल देश में अपराध के आंकड़े केन्द्र और राज्य स्तर पर प्रकाशित किए जाते हैं, जिससे नागरिकों को कानून और व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहती है। इसी तर्ज पर, लेकिन पहली बार जोन-4 के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने दो वर्षों 2023-24 में अपराध और पुलिस प्रदर्शन का आकलन प्रस्तुत किया है। इनमें से 2023 में 19 और 2024 में 17 हत्याएं की गईं और पुलिस सभी अपराधों को सुलझाने में सफल रही है। हालांकि छेड़छाड़ के मामलों में कुछ कमी आई है, लेकिन 2023 में जहां 100 POCSO मामले दर्ज किए गए, वहीं 2024 में POCSO मामले बढ़कर 135 हो गए। पुलिस सभी अपराधों को सुलझाने में सफल रही है।

### चोरी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता

- 100 से अधिक घरों में चोरी और 200 से अधिक दोपहिया वाहन चोरी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, और हालांकि अपराध में कुछ कमी आई है, लेकिन समाधान की दर अभी भी 30 प्रतिशत है, जिससे जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इसके अलावा, विशेष टीमें सोने की चेन चोरों को रोकने में विफल रही हैं और 2023 की तुलना में सोने की चेन चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसमें 52 मामले दर्ज किए गए हैं।
- शहरों में नशीली दवाओं का दुरुपयोग एक अभिशाप है। 2023 में जहां 84 नशीली दवाओं से संबंधित अपराध दर्ज किए गए, वहीं आंकड़े बताते हैं कि 2024 में इन अपराधों की संख्या बढ़कर 327 हो गई है। इसलिए, पुलिस को नशीले पदार्थों की आपूर्ति और बिक्री को रोकने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ता है।

## डोंबिवली में गुंडों द्वारा पत्थरबाजी

**डोंबिवली.** डोंबिवली पश्चिम कुंभारखान पाड़ा इलाके में रात के समय 10 से 12 लोगों के गिरोह द्वारा पथराव और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। प्रशांत पाटिल पिछले 40 वर्षों से इस क्षेत्र में कुछ दुकानों के मालिक हैं। हालाँकि, इस दुकान के बगल में एक बड़े डेवलपर का निर्माण कार्य चल रहा है क्योंकि प्रशांत पाटिल की दुकान विकास कार्य में बाधा बन रही है, प्रशांत पाटिल का आरोप है कि 4 तारीख की रात को तोड़फोड़ करने के लिए गैंगस्टर भेजे गए थे। उसके परिसर पर पत्थर फेंके. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और प्रशांत पाटिल ने विष्णु नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन उनकी शिकायत स्वीकार नहीं की गई. इसलिए उन्होंने उच्च पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है. इस घटना से इलाके के लोगों में डर का माहौल व्याप्त हो गया है.

## प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने रविंद्र चव्हाण

**शिरडी.** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी नड्डा द्वारा महाराष्ट्र के पूर्व लोक निर्माण मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक रविंद्र चव्हाण को महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर उल्हासनगर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने शिर्डी में पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया.



पहले कहा जा रहा था कि बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के खत्म होने के बाद की जाएगी और मंत्रियों के विभागों के बंटवारे के बाद आखिरकार 11 जनवरी इसकी घोषणा कर दी गई। महाराष्ट्र में पार्टी संगठन के चुनाव से पहले ही यह ऐलान कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब वही चंद्रशेखर बावनकुले की जगह लेंगे।

ज्ञात हो कि कुछ ही समय पहले चव्हाण को महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा का संगठन पर्व का प्रभारी नियुक्त किया गया था। संगठन को जोड़ने में माहिर माने जाने वाले रविंद्र चव्हाण ने यह नई जिम्मेदारी संभालते ही प्रदेश भर में भाजपा सदस्यता अभियान को एक नए पैमाने पर पहुंचा दिया। उन्होंने कुछ दिन पूर्व प्रदेशभर में एक दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान चलाकर एक ही दिन में 25 लाख लोगों को भाजपा से जोड़ने की भी अनोखी पहल की थी।

### क्या है समीकरण...?

संगठन में अब तक रवींद्र चव्हाण का प्रदर्शन दमदार रहा है। वह मराठा फेस हैं। वह कोंकण क्षेत्र आते हैं। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए बीजेपी के वरिष्ठ नेतृत्व ने रवींद्र चव्हाण को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। रवींद्र चव्हाण डोंबिवली से लगातार चौथी बार विधायक बने हैं। डोंबिवली में उन्होंने बीजेपी के लिए काफी काम किया है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत में कोंकण के किंग मेकर के रूप में उभरे पूर्व मंत्री रविंद्र चव्हाण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के भी बेहद करीबी व विश्वासू माने जाते है।

## उल्हासनगर में लव जिहाद!

- 24 दिसंबर से लापता है 10वीं की छात्रा
- मां ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत
- बेटी को तलाश करने की मां ने लगाई गुहार

**उल्हासनगर.** शहर में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना सामने आई है। इस मामले में युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमें गठित की हैं तथा आगे की जांच कर रही है।



नाबालिग लड़की कैंप नंबर 4 के मराठी स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ती है। वह 24 दिसंबर को स्कूल गई थी, लेकिन घर वापस नहीं लौटी। जब उसके परिवार ने उसकी तलाश की, तो पता चला कि उसे कैंप क्रमांक 5 के तानाजी नगर इलाके में रहने वाले कोहिनूर शेख ने बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया है।

इस बीच, लड़की की मां ने इस मामले में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा गया है कि मेरी बेटी नाबालिग है. उस पर लव जिहाद किया जा सकता है। उसे बेचे जाने की आशंका है। उन्होंने मांग की है कि पुलिस तत्काल मेरी बेटी की तलाश करे। इस बीच, पुलिस ने संबंधित लोगों के मोबाइल नंबर ट्रेस कर लिए हैं। बताया गया है कि मामले की जांच चल रही है।

## मोहन सबर्बिया डीपी सड़क निर्माण का भूमिपूजन

- 6.5 करोड़ की निधि से बनेगा रास्ता

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में मोहन सबर्बिया के पास से 24 मीटर चौड़ा सीमेंट कंक्रीट की सड़क निर्माण के लिए रविवार को पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने भूमिपूजन किया. शेख ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने ओम साईं बिल्डिंग, मोहन सबर्बिया से कृष्णा मैरेज हॉल मुख्य रास्ते तक 24 मीटर डीपी कांक्रीटीकरण रोड निर्माण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से लिखित में मांग की थी. सांसद श्रीकांत शिंदे ने इसकी सिफारिश की एवं विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के सहकार्य से शासन ने सड़क निर्माण के लिए साढ़े 6 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं.



उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सड़क निर्माण में कुछ गरीबों के घर बाधित हो रहे हैं. उनके घरों को पुनर्वसन अथवा उनको आर्थिक मदद करने की माग वह अंबरनाथ नपा प्रशासन से करने वाले हैं. इस सड़क के बन जाने से 6 हजार लोगों को एक अच्छा रास्ता मिल जाएगा. इस सड़क निर्माण भूमिपूजन के समय यहां के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे. उन्होंने शेख का आभार व्यक्त किया है. भूमिपूजन के समय शिवसेना के पूर्व नगरसेवक उमेश गुंजाल, हमीद भाई आदि नेता उपस्थित थे. इस डीपी सड़क के निर्माण से मोहन सबर्बिया के निवासियों को भी सुविधा हो गई है.

सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह से लड़कियों के भागने का मामला:

## 2 महिला केयरटेकर बर्खास्त

**उल्हासनगर.** शहर के सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह से भागी 8 लड़कियों के मामले का महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग ने संज्ञान लिया और 2 देखभालकर्ताओं को बर्खास्त कर दिया। अधीक्षक वी.वी.एन. सिल्वर ने यह भी बताया कि विभाग की एक टीम ने निरीक्षण गृह का निरीक्षण किया।

कैंप-5 स्थित शांति भवन स्थित सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह से मंगलवार सुबह 3 बजे 10 फीट ऊंची दीवार और उसके ऊपर लगी लोहे की बाड़ तोड़कर कुल 8 लड़कियां भाग निकलीं। हालांकि, हिललाइन पुलिस स्टेशन की टीम ने मात्र दो से तीन घंटे में 8 में से 7 लड़कियों को ढूंढ निकाला।

इस तरह बालिका संप्रेक्षण गृह के संचालन की आलोचना की जा रही है और शुक्रवार को महिला एवं बाल कल्याण विभाग की टीम ने संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। इसके अलावा, अनुबंध के आधार पर काम कर रहे दो केयरटेकर, जो उस दिन काम पर मौजूद थे, को भी नौकरी से निकाल दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगताप ने बताया कि इस मामले में की गई जांच में महिला पुलिस अधिकारी को दोषी नहीं पाया गया, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। पता चला कि नाबालिग लड़कियां निरीक्षण टॉवर की 10 फुट ऊंची दीवार और उसके ऊपर लगी लोहे की सलाखों को तोड़कर भाग निकलीं।

## पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक को हटाओ



- विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने की मांग

**मुंबई.** विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उल्हासनगर स्थित सरकारी निरीक्षण गृह में कार्यरत अधीक्षकों को हटाया जाए तथा विशेष गृह में कार्यरत सेवकों को हर तीन वर्ष में बदला जाए।

उल्हासनगर स्थित सरकारी बालिका संप्रेक्षण गृह से आठ लड़कियां फरार हो गईं। जब हमने घटनास्थल पर जाकर इसकी जानकारी ली तो पता चला कि वहां लड़कियों के लिए उचित शौचालय नहीं थे। उनके पास उचित भोजन और आवास की सुविधा नहीं है। उन्होंने पत्र में कहा कि स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में कार्यरत अधीक्षकों, कर्मचारियों एवं भृत्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा उन्हें हटाया जाए।

राज्य में विशेष गृह अधीक्षक का पद निश्चित अवधि के लिए विज्ञापन देकर भरा जाए। गोरहे ने अनुरोध किया कि वर्तमान पदधारी को मनोनयन के माध्यम से प्रतिस्थापित किया जाए तथा एक ही व्यक्ति को तीन वर्ष से अधिक समय तक नियुक्त न किया जाए।

## चिंता तिवारी ने शेख का किया सत्कार

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** मोहन सबर्बिया के पास से लगभग 74 फुट चौड़ा रास्ता निर्माण का काम शुरू हो जाने से यहां के लगभग 6 हजार निवासी खुश हैं. सामाजिक कार्यकर्ता चिंता त्रिपाठी ने अब्दुल शेख का आभार करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका सत्कार करते हुए अपना खुशी का इजहार करते हुए हमें बताया कि सड़क निर्माण में बाधित हो रहे कुछ घरों को प्रशासन से निधि अथवा पुनर्वसन कराने में अब्दुल शेख सहायता करने वाले हैं. ये खुशी की बात है. उन्होंने शेख की सराहना की है. उन्होंने कहा कि रास्ता बन जाने से यहां के निवासी मुख्य रास्ते से जुड़ जाएंगे और उन्हें सुविधा प्राप्त होगी. यहां के निवासियों को दस वर्ष से रास्ता नहीं था. बिल्डिंगें बन गई थी, लेकिन रास्ता ना होने से निवासी दीवार कूद कर रास्ते पर जाते थे. यहां की एक निवासी महिला ने ये बात कही है. चिंता त्रिपाठी ने कहा कि 10 वर्षों बाद उन्हें एक अच्छा रास्ता मिलेगा जो कि मुख्य रास्ते को जोड़ेगा. वह भी रास्ते के भूमिपूजन के समय उपस्थित थे.




## अंबरनाथ में श्री रामलला की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक कार्यक्रम संपन्न

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में शनिवार 11 जनवरी को श्री रामलला की पहली प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक विधि के साथ शिवसेना शिंदे गुट के उत्तर भारतीय विभाग के अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे तथा महिला विभाग की संगठक किरण चौबे ने बुवापाड़ा में अपने जनसंपर्क कार्यालय के पास मनाया. यहां पर पूजन संस्कार, सुंदर कांड, हल्दी कुंकू और भजन कार्यक्रम पूर्ण श्रद्धा विश्वास के साथ जय श्रीराम के उद्घोष के साथ मनाया गया. इस कार्यक्रम में यहां सैकड़ों उत्तर भारतीय व हिंदू समाज के लोगों ने शिरकत की. किरण चौबे ने उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए भेंट स्वरूप उपहार प्रदान किए.



विदित हो कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण करके श्री राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी. प्रमोद कुमार चौबे ने बताया कि सुंदर कांड दोपहर 1 से 3 बजे तक, भजन 3 से 5 बजे तक और हल्दी कुंकू कार्यक्रम 5 से 7 बजे तक हुआ, जिसका लाभ सैकड़ों महिलाओं ने उठाया एवं श्री रामलला का आशीर्वाद प्राप्त किया. कार्यक्रम में शहर के शिवसेना शिंदे गट के नेताओं ने भाग लिया और प्रमोद चौके एवं किरण चौबे द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की.

## उल्हासनगर में बिजली की लाइन होगी भूमिगत

- केंद्रीय योजना से 16 करोड़ रुपए का फंड

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में बिजली वितरण प्रणाली पुरानी और जटिल है। इसलिए, अगर बिजली आपूर्ति में कुछ गड़बड़ी हो जाती है, तो इसे ठीक करने में बहुत समय बर्बाद होता है। उल्हासनगर जैसे सबसे घनी आबादी वाले शहरों में इस प्रणाली को भूमिगत करने की मांग अब पूरी हो गई है और केंद्र की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) से इस काम के लिए 16.84 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की गई है। इन भूमिगत लाइनों को बिछाने का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि, इस बात का डर है कि इससे नागरिकों की परेशानी और बढ़ जाएगी क्योंकि पहले से ही शहर में चल रहे भूमिगत सीवर और सड़क निर्माण कार्य के कारण सड़क खुदाई से परेशान हैं।



यहां की बिजली वितरण प्रणाली पुरानी और जटिल है। इस जटिल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए स्थानीय विधायक कुमार ऐलानी ने भूमिगत बिजली लाइन बिछाने के लिए निधि की मांग की थी। तदनुसार, केंद्र की संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के माध्यम से उल्हासनगर शहर में बिजली लाइनों को भूमिगत करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के लिए 16.84 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके जरिए 17 स्थानों पर भूमिगत चैनल बिछाने का काम किया जाएगा।

आशा है कि इससे इस क्षेत्र में विद्युत वितरण प्रणाली के समक्ष वर्तमान में आ रही समस्याएं कम होंगी। हाल ही में विधायक कुमार आयलानी के कार्यालय में महावितरण अधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस कार्य की तकनीकी प्रक्रिया, मनपा से आवश्यक अनुमति और कार्य योजना पर चर्चा की गई।

### प्रस्तावित मार्ग...

इसके अलावा स्वामी सत्यनारायण से वुडलैंड कॉम्प्लेक्स, गोल मैदान से जय भवानी टावर, फॉलोअर लाइन चौक से सेंट्रल हॉस्पिटल, शहद पुल से गुलशन नगर, 17 सेक्शन से लुल्ला इंश्योरेंस, शिवलोक बैरक से शिवलोक अपार्टमेंट, मनपा से फीडर वन, प्रवीण होटल से राजीव गांधी चौक पर भूमिगत केबल बिछाई जाएगी।

## बिजली के अभाव में शाहपुर तालुका की 445 आंगनवाड़ियाँ अंधेरे में

**कल्याण.** ठाणे जिले के शाहपुर तालुका के सुदूर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 577 आंगनवाड़ियों में से लगभग 460 आंगनवाड़ियों में महावितरण की ओर से बिजली की आपूर्ति नहीं है। परिणामस्वरूप, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कई स्थानों पर अंधेरे में बच्चों को पढ़ाना पड़ रहा है, कक्षाओं में वेंटिलेशन की कमी होती है. अभिभावकों ने शिकायत की है कि आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले छोटे बच्चे कुछ स्थानों पर पंखे और खिड़कियां न होने के कारण आंगनवाड़ी में आनंद नहीं ले पाते, जबकि वे घर पर पंखे लगाने के आदी हैं। इस असुविधा के कारण कई बच्चे रोते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उनकी देखभाल करते-करते थक जाते हैं।



शाहपुर तालुका में अधिकांश आंगनवाड़ियाँ गांव के सामुदायिक भवन, गांव के मंदिरों और कुछ गांवों में बड़े घरों वाले ग्रामीणों के घरों में आयोजित की जाती हैं। आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन सरकार और ग्राम पंचायत की भूमि पर स्वतंत्र रूप से किया जा रहा है। शाहपुर तालुका में आंगनवाड़ी के लिए अलग भवनों की संख्या दुर्लभ है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत शाहपुर तालुका में दो आंगनवाड़ी प्रभाग हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में शाहपुर परियोजना के अंतर्गत 286 आंगनवाड़ी केंद्र और डोलखांब परियोजना के अंतर्गत 291 आंगनवाड़ी केंद्र हैं। इन 577 आंगनवाड़ियों में से लगभग 460 आंगनवाड़ियों के पास महावितरण से बिजली कनेक्शन नहीं है। इसलिए, रोशनी के लिए वहां बिजली के बल्ब या पंखे नहीं हैं। हाल ही में अधिकांश सरकारी पहलों का क्रियान्वयन ऑनलाइन किया गया है। इसके लिए आंगनवाड़ी में इंटरनेट की जरूरत है। बिजली कनेक्शन न होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी काम निपटाने के लिए निजी इंटरनेट का इस्तेमाल करना पड़ता है। कुछ आंगनवाड़ी गृहस्वामियों ने अपने घरों को आंगनवाड़ी के रूप में उपयोग करने की अनुमति दे दी है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांव के बच्चों को गांव में ही शिक्षा मिले। यहां मालिक नौकरों को घर में बिजली का इस्तेमाल करने से रोकते हैं। इसलिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उस स्थिति में बच्चों को पढ़ाना पड़ता है।

> राज्य सरकार के आदेशानुसार, शाहपुर तालुका में आंगनवाड़ियों को बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए समीक्षा की जा रही है। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रत्येक आंगनवाड़ी को बिजली कनेक्शन मिले। कुछ आंगनवाड़ियों को गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से सौर पैनलों के माध्यम से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> –धनश्री सालुंके, महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी, शाहपुर

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## बेटियों का हक

एक सभ्य समाज में बेटे और बेटी के अधिकारों में अंतर का सवाल नहीं उठना चाहिए, लेकिन कई वजहों से जड़ जमा चुके पूर्वाग्रहों की वजह से आमतौर पर बेटियों को कई स्तर पर समझौता करना पड़ता है। ऐसी स्थिति की मुख्य वजह पारंपरिक धारणाओं के प्रति ज्यादातर लोगों की सहजता होती है, जिसमें बेटियां अपने हक के प्रति उदासीन रहती हैं या फिर वंचित रह जाती हैं। फिर किन्हीं कारणों से माता-पिता के अलग हो जाने की स्थिति में भी बेटी की पढ़ाई-लिखाई सिर्फ खर्च पूरा नहीं हो पाने की वजह से बाधित हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक मामले की सुनवाई के बाद इसी मसले पर एक तरह से स्थिति स्पष्ट की है। अदालत ने छब्बीस वर्ष से अलग रह रहे दंपति के मामले में कहा कि बेटियों को अपने अभिभावकों से शिक्षा संबंधी खर्च मांगने का पूरा अधिकार है और जरूरत पड़ने पर माता-पिता को कानूनी तौर पर बाध्य किया जा सकता है कि वे बेटी की पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी धन दें। बेटी को ये पैसे रखने का अधिकार है और यह रकम उसे अपनी मां या पिता को लौटाने की जरूरत नहीं है।

दरअसल, ऐसे मामले अक्सर देखे जाते रहे हैं जिनमें परिवारों में अगर संपत्ति के बंटवारे की स्थिति आती है तो जितने हिस्से पर बेटों का सहज हक माना जाता है, उतने के लिए बेटियों को अलग से प्रयास करना पड़ता है। विडंबना यह है कि अगर किसी परिवार में माता-पिता को शिक्षा पर खर्च के मामले में बेटी या बेटे में से किसी एक को ही चुनने का विकल्प हो तो वे आमतौर पर बेटे को प्राथमिकता देते हैं।

अगर कभी बेटी को उनका हिस्सा दिया जाता है तो उसे समाज में विशेष रूप से दी गई सुविधा की दृष्टि से देखा जाता है। जबकि सामाजिक बराबरी के सिद्धांत से लेकर कानूनी स्थिति तक के लिहाज से बेटियों को उनके माता-पिता की संपत्ति में बराबर का हिस्सा होना चाहिए और इसे लेकर लोगों को सहज रहना चाहिए। खासतौर पर पालन-पोषण और पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अन्य जरूरी खर्च के मामले में माता-पिता की आर्थिक सीमा में बेटियों को उनसे अपना खर्च लेने का अधिकार होना चाहिए। इस लिहाज से देखें तो बेटियों के हक के संबंध में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला स्वागतयोग्य है।

# भारत के लिए खतरे की घंटी है चीनी परियोजना

चीन ने हाल में अरुणाचल से लगे सीमावर्ती इलाके में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक बड़ा बांध बनाने का एलान किया है। इसने भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ा दी है। अब उस एलान को ध्यान में रखते हुए अरुणाचल में सियांग बहुउद्देशीय परियोजना को शीघ्र हरी झंडी दिखाने पर जोर दिया जा रहा है। लेकिन स्थानीय लोग विभिन्न वजहों से उस परियोजना का विरोध कर रहे हैं।

यारलुंग नदी अरुणाचल प्रदेश में सियांग के नाम से जानी जाती है। आगे बढ़ते हुए असम पहुंचने पर उसका नाम बदल कर ब्रह्मपुत्र हो जाता है। देश की सीमा पार बांग्लादेश पहुंचने पर यह नदी जमुना कहलाती है। चीनी बांध का बांग्लादेश में भी प्रतिकूल असर पड़ने का अंदेशा है। इस नदी की कुल लंबाई करीब 2880 किलोमीटर है। इसका 1625 किलोमीटर यानी आधे से ज्यादा हिस्सा तिब्बत में है। भारत और बांग्लादेश में इसकी कुल लंबाई क्रमशः 918 और 337 किमी है।

चीन ने वैसे तो वर्ष 2021 में ही ऐसे बांध के निर्माण का संकेत दिया था। उस समय इससे होने वाले नुकसान को कम करने के लिए ही भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में सियांग नदी पर एक बहुउद्देशीय परियोजना का खाका तैयार किया था। लेकिन स्थानीय आदिवासियों के विरोध के कारण यह मामला फिलहाल आगे नहीं बढ़ सका है।

चीनी परियोजना से 60 हजार मेगावाट बिजली पैदा होगी। चीन सरकार ने हालांकि दावा किया है कि इससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। लेकिन



भारत में पर्यावरणविदों का कहना है कि यह बांध अरुणाचल प्रदेश से सटे तिब्बत के जिस इलाके में बनना है वह भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। इस बांध से इलाके का पारिस्थितिकी संतुलन भी गड़बड़ा सकता है। इसके अलावा निचले हिस्से यानी अरुणाचल प्रदेश और असम में इसकी वजह से खेती और जैव विविधता पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

पर्यावरणविदों की चिंता की वजह यह है कि पहले भी इलाके में ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था।

इसकी वजह से अरुणाचल प्रदेश व असम में आई भयावह बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। इसी तरह वर्ष 2017 में आए भूकंप से इलाके में दो अस्थायी झीलें बन गई थी। भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि वह दोनों झीलें हल्के भूकंप की स्थिति में भी फट कर इलाके में तबाही मचा सकती हैं।

चीन के एलान के बाद इसके मुकाबले के लिए इलाके में सियांग बहुउद्देशीय परियोजना को शीघ्र लागू करने की मांग बढ़ रही है। लेकिन स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उनकी दलील है कि इस परियोजना के कारण इलाके के 13 गांव पूरी तरह डूब जाएंगे और 34 गांवों के लोगों की आजीविका और जीवन प्रभावित होगा।

लेकिन अरुणाचल प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री चाउना मीन कहते हैं कि स्थानीय लोगों को नुकसान पहुंचा कर कोई बांध नहीं बनेगा। लेकिन यह परियोजना चीनी परियोजना के खतरों से निपटने के लिए बेहद अहम है। उनका कहना है कि आम लोगों की राय और सार्वजनिक सुनवाई के बाद ही यह परियोजना आगे बढ़ेगी।

मीन कहते हैं कि यह परियोजना महज पनबिजली के लिए नहीं बल्कि चीनी खतरों से निपटने के लिए बी जरूरी है। अगर चीन ने अतिरिक्त पानी छोड़ दिया तो ब्रह्मपुत्र घाटी से लेकर गुवाहाटी के सरायघाट ब्रिज तक सब कुछ डूब जाएगा।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी चीनी परियोजना पर चिंता जताते हुए कहा है कि चीनी परियोजना पूरा होने की स्थिति में ब्रह्मपुत्र का पारिस्थितिकी तंत्र पूरी तरह नाजुक हो जाएगा। पूरा इलाक सूखे की चपेट में आ जाएगा और हमें खेती के लिए भूटान और अरुणाचल प्रदेश में होने वाली बारिश पर निर्भर रहना होगा। इसी तरह चीन के पानी छोड़ने पर पूरा इलाका डूब जाएगा।





हम में से हरेक को वो सब दिया गया है जो हमें अपने सच्चे स्वरूप को जानने के लिए चाहिए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# क्या तालिबान से खत्म हो रहीं दूरियां?

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनने के बाद भारत के साथ उसके रिश्तों में दूरी आ गई है। मगर अब अफगानिस्तान ने फिर से दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। वहां के कार्यवाहक विदेशमंत्री ने मानवीय सहायता के लिए भारत का आभार जताते हुए कहा कि वे अर्थव्यवस्था केंद्रित विदेश नीति के अनुरूप राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने अपील की कि भारत व्यापारियों, रोगियों और विद्यार्थियों के लिए वीजा जारी करना शुरू करे। उनकी अपील पर भारत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, भारत भी चाहता है कि अफगानिस्तान के साथ उसके रिश्ते फिर से मजबूत हों।

उसके साथ व्यापारिक गतिविधियां बढ़ें और परियोजनाओं पर काम शुरू हो। मगर चूंकि वहां तालिबान के सत्ता में आने के बाद दुनिया के अनेक देशों ने उस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए और तालिबान के सत्ता हथियाने के तरीके को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध माना गया, इसलिए भारत ने भी स्वाभाविक ही उससे दूरी बना ली। हालांकि जरूरत के वक्त भारत उसे मानवीय सहायता प्रदान करता रहा है। मगर अफगानी छात्रों के लिए वीजा जारी करने संबंधी फैसले को लेकर काफी समय से मंथन चल रहा है। इसलिए इस पर भारत के लिए विचार करना मुश्किल नहीं है। दरअसल, वीजा न मिल पाने के कारण भारत में पढ़ रहे बड़ी संख्या में अफगानी छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

अफगानिस्तान व्यापारिक रूप से भारत का एक बड़ा सहयोगी पड़ोसी रहा है। भारतीय कंपनियां वहां की विकास परियोजनाओं में लगी रही हैं। इस तरह, तालिबान के सत्ता में आने के बाद बनी



दूरी से दोनों देशों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। दुनिया के कई देश अपने रणनीतिक लाभ के लिए अफगानिस्तान के साथ रिश्ते फिर से बहाल कर लिए हैं। ऐसे में, भारत के लिए बहुत देर तक दूरी बनाए रखना भी ठीक नहीं समझा जा रहा। सार्क समूह के विखंडित होने के बाद उपजी स्थितियों का लाभ चीन उठाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए भी अफगानिस्तान से भारत की नजदीकी रणनीतिक दृष्टि से जरूरी है। अफगानिस्तान भारत के लिए एक बड़ा बाजार है, इसलिए आर्थिक रणनीति के तहत उसे खोना नहीं चाहिए। यही वजह है कि भारत ने कहा है कि वह अफगानिस्तान के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते बहाल और मजबूत करने पर विचार कर रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत को अफगानिस्तान से काफी कारोबार मिलता है। हर वर्ष करीब तेरह हजार विद्यार्थी वहां से आते हैं। इसी तरह बहुत सारे रोगी यहां के अस्पतालों में इलाज के लिए आते हैं।

भारत वैसे भी शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र को विस्तृत करना चाहता है। साथ ही स्वास्थ्य पर्यटन संबंधी योजनाओं को प्रश्रय देता है। अफगानिस्तान से आने वाले विद्यार्थियों और रोगियों को रोकना उसके लिए फायदेमंद नहीं कहा जा सकता। यह ठीक है कि तालिबान के कई फैसले और नीतियां लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। मगर फिलहाल वहां लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाली के आसार नजर नहीं आ रहे, तो इसी बीच कोई सकारात्मक रास्ता तो निकालना पड़ेगा। जो अफगानी छात्र 2021 से वीजा न मिलने के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे, उनके भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। वे बार-बार मांग करते रहे हैं कि उन्हें वीजा जारी किया जाए। अफगानी विदेशमंत्री की अपील पर भारत सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया है, जो रणनीतिक रूप से एक अच्छा संकेत है।

# आईलैंड पर मैनेजर की जॉब, पैकेज 26 लाख

हर इंसान की ये पूरी कोशिश रहती है कि उसके पास किसी तरह से एक अच्छी नौकरी आ जाए. जिसके

**जरा हट के**

सहारे वो अपने सपनों को पूरा कर सके. हालांकि कई बार ऐसा देखने को मिलता है कि कुछ नौकरी ऐसी होती है. जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की होती है. ऐसी ही एक नौकरी इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में आई है. जहां एक द्वीप पर मैनेजर की जरूरत है. जिसके लिए आपको हर साल 26 लाख रुपये दिए जाएंगे. हैरानी की बात तो ये है कि ये द्वीप पूरी तरीके से निर्जर है.

ये नौकरी स्कॉटलैंड के एक द्वीप पर निकली है, ये द्वीप है तो बड़ा सुंदर लेकिन हैरानी की बात ये है कि हां न कोई आबादी है, न कॉलोनी, न ही कोई उद्योग धंधे...फिर भी यहां की सरकार ने इस द्वीप के लिए मैनेजर की नौकरी निकाली है. इस द्वीप का नाम हांडा है और ये स्कॉटलैंड के सुदूर वेस्ट कोस्ट पर स्थित



है.यहां भले ही कुछ भी ना हो लेकिन यहां समुद्र के किनारे ऊंची-ऊंची चट्टानें और शानदार प्राकृतिक दृश्य देखने को मिलते हैं. यहां पहुंचने का भी सिर्फ एक ही रास्ता है और वो नाव

**कहां है ये आईलैंड?**

ये नौकरी स्कॉटिश वाइल्डलाइफ ट्रस्ट द्वारा निकाली गई है. यहां नियुक्त गए शख्स का काम रेंजर की तरह होगा.इसके अलावा वहां आने वाले 8,000 वार्षिक पर्यटकों के लिए व्यवस्था और पक्षियों तथा अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी.इसके अलावा आपको स्वयं सेवकों की एक टीम बनानी होगी. जिसका नेतृत्व भी आप ही करेंगे. बता दें कि यह द्वीप यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री पक्षी प्रजनन स्थलों में से एक है.अगर आप इस नौकरी के लिए अप्लाई करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं है. हालांकि अगर आपके पास समुद्री और स्थलीय प्राकृतिक इतिहास का ज्ञान होगा तो आपको इसके लिए प्राथमिकता दी जाएगी. ये नौकरी मार्च से शुरू होकर छह महीने की निश्चित अवधि के लिए होगी और अगर कप्लस चाहे तो इसके लिए अप्लाई कर सकते हैं. इसके साथ ही भूमि के स्काउरी गांव तक जरूरी कामों जैसे कपड़े धोने, खरीदारी और बैंकिंग के लिए यात्रा करने की अनुमति होगी.

# थायरॉइड को न करें नजरअंदाज

■ **खराब जीवनशैली इसकी बड़ी वजह**

थायरॉइड मनुष्य के शरीर में एक छोटी, लेकिन शक्तिशाली ग्रंथि है। इसको नजरअंदाज करना बहुत हानिकारक साबित हो सकता है, क्योंकि यह पूरे शरीर पर प्रभाव डालती है। यह ग्रंथि फिट रहने के रहस्यों को जानने के लिए आवश्यक है। खराब जीवनशैली बड़ी वजह है। इन्हीं सब बातों के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) जनवरी माह को थायरॉइड जागरूकता माह के रूप में मनाता है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, थायरॉइड रोग गंभीर और यहां तक कि जानलेवा भी होते हैं, लेकिन आमतौर पर इनका इलाज संभव है। इनका उपचार किया जा सकता है।




इसे लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है। थायरॉइड, गर्दन के सामने स्थित एक छोटी सी तितली के आकार की ग्रंथि है। यह शरीर के हार्मोन बनाने का काम करती है। थायरॉइड हार्मोन शरीर के कई अंगों को प्रभावित करते हैं, जैसे कि दिल की धड़कन, सांस लेना, वजन, पाचन और मूड खराब होना।

■ **दो तरह की समस्या**

जब थायरॉइड जरूरत से ज्यादा हार्मोन बनाता है तो इसे हाइपरथायरायडिज्म कहते हैं। इससे शरीर के कई काम तेज हो जाते हैं। इसके लक्षण हैं चिड़चिड़ापन, ज्यादा पसीना आना, घबराहट, दिल की धड़कन का बढ़ना, वजन कम होना, भूख ज्यादा लगना, मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द होना। जब थायरॉइड जरूरत से कम हार्मोन बनाता है तो इसे हाइपोथायरायडिज्म कहते हैं। इससे शरीर के कई काम धीमे हो जाते हैं। थायरॉइड स्टॉर्म, यह हाइपरथायरायडिज्म से पीड़ित लोगों को हो सकती है। यह एक दुर्लभ और जानलेवा स्थिति है।

■ **तो तुरंत जाएं अस्पताल**

थायरॉइड स्टॉर्म का एक प्रमुख लक्षण जो इसे सामान्य हाइपरथायरायडिज्म से अलग करता है वह है शरीर के तापमान में उल्लेखनीय वृद्धि है जो 105-106 फारेनहाइट तक हो सकता है। थायरॉइड स्टॉर्म असामान्य है, लेकिन जब ऐसा होता है तो यह जीवन के लिए खतरा बन सकता है। इसके लक्षणों का अनुभव करने वाले लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए।

■ **उम्र, आयोडीन की कमी जैसे कई कारण**

खराब जीवनशैली और अव्यवस्थित खानपान इसके सबसे बड़े कारण हैं। इसके अलावा लंबे समय से स्ट्रेस, ज्यादा उम्र, आयोडीन की कमी, वायरल इंफेक्शन, आनुवंशिकता के कारण भी होता है। महिलाओं में यह पुरुषों के मुकाबले ज्यादा देखने को मिलता है। महिलाओं में इसके और भी कई कारण हो सकते हैं जैसे हार्मोनल असंतुलन, गर्भावस्था के बाद शारीरिक बदलाव, अवसाद। दुनियाभर में करीब 27 करोड़ लोग और भारत में लगभग चार करोड़ लोग थायरॉइड से संबंधित समस्याओं से पीड़ित हैं। इसके अलावा दूसरे सर्वेक्षण के अनुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के 13 और 19 वर्ष से कम आयु के 5 फीसदी लोग थायरॉइड की समस्या से पीड़ित हैं। इसका सबसे बड़ा कारण अव्यवस्थित दिनचर्या और पूरी तरह से गतिहीन जीवनशैली है।

# मूंगदाल के मंगोड़े




**मकर संक्रांति को पूरे देश में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। कई जगहों पर इसे उत्तरायण और खिचड़ी का पर्व भी कहा जाता है। इसी के साथ इस दिन अलग-अलग जगहों पर तरह-तरह का खाना बनाने की परंपरा है। वैसे तो इस दिन तिल से बनी चीजों को बनाया जाता है। लेकिन कुछ जगहों पर इस खास मौके पर मूंगदाल के मंगोड़े बनाए जाते हैं। हरी मूंग दाल के क्रिस्पी मंगोड़ों को हरी चटनी के साथ सर्व किया जाता है। हर किसी का इसे बनाने का अलग स्टाइल है। ऐसे में हम आपके लिए लेकर आए हैं मूंग दाल के मंगोड़े बनाने की सबसे सिंपल रेसिपी-**

**सामग्री :**

हरी मूंग की दाल, अदरक, हरी मिर्च, हरा धनिया, नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और तेल।



**विधि :**

मूंग दाल के मंगोड़े बनाना बहुत आसान है। इसे बनाने के लिए संक्रांति से एक रात पहले मूंग की दाल को अच्छी तरह से धोकर रात भर के लिए भिगो दें। अगली सुबह दाल के पानी को छान लें और फिर दाल में अदरक और हरी मिर्ची मिलाकर अच्छे से पीस ले। अच्छे से स्मूद दाल के पेस्ट को एक बर्तन में निकालें और फिर इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर मिक्स करके अच्छे से फेंट लें। इसमें कुछ हरी मिर्च काटकर डाल सकते हैं। अब तेल को अच्छे से गर्म होने दें और फिर छोटी-छोटी दाल की पकौड़ी तेल में डालें। इसे अच्छे से दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने तक पकाएं और फिर हरी चटनी के साथ सर्व करें। इस तरह से आप सिंपल और टेस्टी दाल की मगोड़ी तैयार कर सकते हैं। आप चाहें तो एक अलग स्वाद के लिए इसमें प्याज काटकर डाल सकते हैं। या फिर बेसन के पकौड़े की तरह आप आलू, प्याज या फिर पनीर को दाल में डिप करके बना सकते हैं। ये भी स्वाद में काफी अच्छे लगते हैं।

# माइग्रेन के कारण रहते हैं परेशान

## ...तो डाइट में शामिल कर लें 5 जरूरी चीजें, दूर होगा

**सिर दर्द की समस्या से कभी न कभी सभी दो-चार होते हैं. लेकिन माइग्रेन का दर्द सामान्य सिर दर्द की तुलना में न केवल काफी अधिक होता है, बल्कि शोधों के मुताबिक, यह वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी विकलांगता का कारण भी बन गया है. हेल्थलाइन के मुताबिक, हालिया शोध में यह पाया गया है कि खानपान और डाइट (Diet) में बदलाव लाकर माइग्रेन को नियंत्रित किया जा सकता है. डाइट में सही बदलाव कर माइग्रेन अटैक को रोका जा सकता है या उनकी आवृत्ति को भी कम किया जा सकता है. आइए जानें डाइट में क्या बदलाव लाकर आप इस परेशानी को दूर रख सकते हैं.**

### माइग्रेन और सिरदर्द में राहत के लिए क्या खाएं

**1.मैग्नीशियम युक्त भोजन:** 2021 के शोध में पाया गया कि 20 से 50 आयु के लोग, जिनकी डाइट में मैग्नीशियम की कमी थी, उनके माइग्रेन की आवृत्ति अधिक थी. जबकि मैग्नीशियम माइग्रेन से राहत देने का काम कर सकता है. इसकी कमी को दूर करने के लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियां, एवोकाडो, टूना और केले का सेवन करें. डार्क चॉकलेट में भी मैग्नीशियम होता है, लेकिन इसके अन्य घटक माइग्रेन ट्रिगर कर सकते हैं.

**2.ओमेगा-3 फैटी एसिड:** अगर आप माइग्रेन या सिर दर्द से परेशान रहते हैं तो ओमेगा-3 फैटी एसिड रिच फूड को डाइट में शामिल करें. यह माइग्रेन के दर्द को दूर करने में मदद कर सकता है. इसे मछली (मैकेरल और सैल्मन),



सीड्स और दालों से प्राप्त किया जा सकता है.

**3.फाइबर रिच फूड:** 2022 के एक अध्ययन में पाया गया कि डाइटरी फाइबर को अगर आप डाइट में बढ़ाएं तो इससे तेज सिर दर्द या माइग्रेन की आवृत्ति को कम किया जा सकता है. हाई-फाइबर फूड में साबुत अनाज, फल, सब्जियां, आलू और बीन्स शामिल हैं.

**4.भरपूर पानी और हाइड्रेशन:** शरीर में अगर पानी की कमी होती है तो इससे डिहाइड्रेशन हो सकता है और माइग्रेन ट्रिगर कर सकता है. अगर आप पर्याप्त पानी पियें तो माइग्रेन की तीव्रता और आवृत्ति को कम किया जा सकता है. आप हर्बल टी का सेवन कर भी माइग्रेन के लक्षणों को कम कर सकते हैं.

**5.नेचुरल डाइट का सेवन:** अगर आपके डाइट में प्रोसेस्ड फूड काफी हैं तो बेहतर होगा कि आप इसकी जगह प्राकृतिक खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियां, अनाज, दालें, और नट्स को प्राथमिकता दें. प्रोसेस्ड फूड में मौजूद एडिटिव्स माइग्रेन ट्रिगर कर सकते हैं, इसलिए इन्हें कम से कम खाएं.

डाइट में इन बदलावों को शामिल कर आप सिर दर्द और माइग्रेन की परेशानी से बच सकते हैं.

# सर्दियों में संजीवनी हैं ये सब्जियां

■ **कई रोगों का रामबाण, डॉक्टर ने गिनाएं फायदे**



सर्दियों का मौसम शुरू होते ही मार्केट में ताजी हरी-भरी सब्जियां दिखने लगती हैं. इनमें कुछ सब्जियां किसी दवा से कम नहीं होतीं. आज हम ऐसे ही कुछ सब्जियों के बारे में बताने वाले हैं, जिनका सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है. आयुर्वेदिक डॉक्टर आशीष गुप्ता बताते हैं कि सेम कई तरह के इनग्रेडिएंट से भरपूर होती है. इसकी फली प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिजों का बेहतरीन स्रोत है. इसमें विटामिन A, C और K के साथ आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं. सेम का सेवन त्वचा के लिए भी फायदेमंद है. ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, हड्डियों को मजबूत बनाने और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने में सहायक है. इसमें मौजूद फाइबर पाचन को सुचारू बनाए रखता है और कब्ज की समस्या दूर करता है.

गोभी जैसी दिखने वाली ये सब्जी कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है. इसमें फाइबर, फैटी एसिड और विटामिन भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं. ये शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करती है, जिससे आपका दिल हेल्दी रहता है.

सर्दी के मौसम में सरसों का



साग खेतों में खूब दिखाई देता है. इसे लोग खूब पसंद भी करते हैं. सरसों का साग विटामिन, कैल्शियम, पोटैशियम, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है. सरसों का साग त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष** : व्यापार में लाभ होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**वृषभ** : व्यापार में वृद्धि के योग हैं। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है।

**मिथुन** : व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : आज आप जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा।

**सिंह** : आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या** : नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी।

**तुला** : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्ययसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक** : यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

**धनु** : नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं।

**मकर** : आज निवेश करने का समय नहीं है, अतः सावधानी रखें। परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। घरेलू खर्चों में व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**कुंभ** : सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा।

**मीन** : मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मम्मी! मैं आपका गंदा बच्चा.. कह लगाई फांसी; टीचर ने मां से की थी शिकायत

**कानपुर.** शिक्षिका ने मां से छात्र की शिकायत कर दी। कहा- दिलखुश पढ़ाई नहीं करता। डांटने पर स्कूल से भाग जाता है। बच्चा इससे इतना आहत हुआ कि घर लौटने के बाद उसने घर की तीसरी मंजिल में ड्रम पर चढ़ कर फांसी लगा ली। स्कूल से आने के बाद वह अपनी मां से कहता रहा कि मैं आपका गंदा बच्चा हूं। बच्चे के फंदे पर झूलते ही ड्रम गिरा तो मां इसे बेटे की शरारत समझा। चार घंटे तक बेटा नहीं उतरा तो मां पहुंची। लेकिन तब तक बेटा दुनिया से जा चुका था। कानपुर देहात के गांव बैना गांव निवासी सैन्यकर्मी कमल जम्मू में तैनात हैं। तात्याटोपे नगर में पत्नी नीतू दो बच्चों 15 वर्षीय दिलखुश उर्फ बिट्टू और छोटे बेटे कृष्णा के साथ रहती हैं। दिलखुश घर के पास स्थित सीएचएस एजूकेशन सेंटर में नौवीं का छात्र था। मामा संतोष सिंह ने बताया कि शुक्रवार को दिलखुश स्कूल में था। दोपहर में उसकी मां नीतू स्कूल में फीस जमा करने पहुंचीं। जहां शिक्षिका ने कहा कि दिलखुश पढ़ाई में अच्छा नहीं है। इसके बाद ही वह गुमसुम हो गया।

### वन दरोगा की कार में मिला कटा हुआ सियार

**बदायूं.** यूपी के बदायूं के सहसवान रेंज में तैनात एक वन दरोगा की कार की डिक्की से कटा हुआ सियार बरामद हुआ है। इस मामले में पशु प्रेमी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। इधर, वन विभाग के अधिकारियों ने भी अपने स्तर से कार्रवाई शुरू कर दी है। बदायूं का सहसवान रेंज एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। यहां रेंज कार्यालय परिसर में खड़ी वन दरोगा विजय सिंह की कार की डिक्की से एक कटा हुआ सियार बरामद हुआ है। सियार के चारों पैर अलग-अलग मिले हैं, साथ ही सिर भी अलग है।

### इंजीनियर की हत्या के बाद रजाई में फूंकी लाश

**इटावा.** इटावा में घर में ही इंजीनियर की हत्या कर शव रजाई में लपेटकर बेड पर ही जला दिया गया। पड़ोसियों ने घर से धुआं उठते देखा तब घटना की जानकारी हुई। एक कमरे में इंजीनियर का अधजला शव मिला तो दूसरे में पत्नी सो रही थी। दोनों ही कमरों की कुंडी बाहर से बंद थी। घर में रुकी एक लड़की लापता है।

सिविल लाइन थाने की प्रगति विहार कॉलोनी के रहने वाले 45 वर्षीय राघवेंद्र यादव दिल्ली की एक कंपनी में इंजीनियर थे। गुरुवार को दिल्ली से वह घर आए थे, पत्नी किरण यादव ने पुलिस को बताया कि घर में पति की जानने वाली एक लड़की भी नुमाइश देखने आई हुई थी जो घर में ही रुकी थी। तीनों शुक्रवार शाम को नुमाइश देखने गए थे। रात में खाना खाकर वह एक कमरे में और पति दूसरे कमरे में सो गए, जबकि लड़की बरामदे में सो गई।

# यूक्रेनी नागरिक निकले पॉन्जी स्कीम के मास्टरमाइंड

- **जांच में चौंकाने वाले खुलासे**

**मुंबई.** मुंबई चल रही एक पॉन्जी स्कीम को लेकर पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस इस पॉन्जी स्कीम में यूक्रेन के दो लोग शामिल थे, जिसमें एक महिला थी। इन दोनों यूक्रेनी नागरिकों के नाम आर्टम और ओलेना स्टोइन हैं। टोरेस ज्वैलरी नाम की इस जालसाजी में मुंबई के सैकड़ों लोगों से बड़े रिटर्न का वादा करके निवेश कराया गया, लेकिन उन्हें हकीकत में कुछ नहीं मिला। मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस दोनों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक इन दोनों ने साजिश में बड़ी भूमिका निभाई थी। साथ ही लोगों को जेम स्टोन्स, गोल्ड और सिल्वर में निवेश का लालच दिया था। जांच टीम उन 14 कारों को लेकर भी जांच कर रही है, जो निवेशकों को लकी ड्रॉ के रूप में दी गई थीं। सूत्रों का कहना है कि इन कारों को देने का मकसद यह था कि अधिक से अधिक ग्राहकों को पोंजी स्कीम में निवेश के लिए ललचाया जा सके। लेकिन पिछले हफ्ते इस पोंजी स्कीम में पैसे लगाने वाले दुनिया के सैकड़ों निवेशकों को झटका लगा था। यह झटका तब लगा जब टोरेस ज्वैलरी चेन की




छह स्टोर्स अचानक से बंद हो गए। इस ज्वैलरी चेन ने बड़े रिटर्न का वादा करके करोड़ों का निवेश कराया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर होल्डिंग फर्म प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लिमिटेड, इसके दो डायरेक्टर्स, सीईओ, जनरल मैनेजर और स्टोर इंचार्ज के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन लोगों पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है।

### क्या थी यह स्कीम...!

टोरेस आउटलेट पिछले साल फरवरी में मुंबई में छह जगहों पर खुले। यहां पर जेमस्टोन ज्वैलरी बेची जाती थी और बोनस स्कीम का ऑफर भी होता था। इस स्कीम के तहत एक लाख रुपए का निवेश करने वालों को मॉजेनाइट का 10 हजार कीमत वाला पेंडेंट मिलता था। लेकिन अब कस्टमर्स को अहसास हो रहा है कि असल में यह स्टोन्स नकली थे। इसके अलावा ग्राहकों को उनके निवेश पर पूरे 52 हफ्ते छह परसेंट का इंट्रेस्ट देने का भी वादा किया गया था। बाद में इसे बढ़ाकर 11 परसेंट कर दिया गया। लोगों का कहना है कि पिछले साल उन्हें यह पैसे मिले थे, लेकिन दो महीने पहले यह रोक दिया गया।

सात दिन पहले टोरेस ने यूट्यूब पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसमें बताया गया था कि पांच जनवरी से पहले निवेश पर 11 फीसदी का रिटर्न दिया जाएगा, इसके बाद रेट नीचे चला जाएगा। कंपनी ने कैश पेमेंट पर .5 फीसदी के एक्स्ट्रा इंट्रेस्ट का भी वादा किया। इससे आकर्षित होकर बड़ी संख्या में लोगों ने जमकर निवेश किया। लेकिन छह जनवरी को जब सभी स्टोर्स पर ताला लग या तो लोगों को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है।

# शेख हसीना जब तक चाहें, उन्हें भारत में रहने दिया जाए

- **कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की मोदी सरकार से अपील**

**नई दिल्ली.** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में शरण ली हुई हैं। भारत सरकार ने हाल ही में उन्हें वीजा विस्तार दिया था। इस बीच कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा कि शेख हसीना भारत में जब तक चाहें, उन्हें तब तक रहने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीटीआई से बातचीत करते हुए अय्यर ने खुशी व्यक्त की कि भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने पिछले महीने ढाका का दौरा किया और वहां के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह संवाद निरंतर होना चाहिए और भारत को बांगलादेश की अंतरिम सरकार के साथ मंत्री स्तर के संपर्क स्थापित करने चाहिए।

शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांगों के बारे में अय्यर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम कभी भी इस पर असहमत नहीं होंगे कि शेख हसीना ने हमारे लिए बहुत अच्छा काम किया है। मुझे खुशी है कि उन्हें शरण दी गई। मुझे लगता है कि हमें उन्हें तब तक मेहमान बनाकर रखना चाहिए जब तक वह चाहें। चाहे उनका पूरा जीवन ही क्यों न हो।





आपको बता दें कि शेख हसीना 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं। बांगलादेश में एक विशाल छात्र आंदोलन के बाद वह भारत पहुंची थीं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह सच है कि बांगलादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, लेकिन अधिकांशतः यह हमले शेख हसीना के समर्थकों पर हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हिंदुओं पर हमले की बात सच है, लेकिन अधिकतर राजनीतिक मतभेदों के समाधान के रूप में बढ़ा-चढ़ा कर प्रस्तुत किए जाते हैं।

सवालों के दौरान मणिशंकर अय्यर ने पाकिस्तान और भारत के रिश्तों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी हम भारतीयों जैसे ही हैं, केवल विभाजन का हादसा ही उन्हें एक अलग देश बना दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए अय्यर ने कहा, हम सर्जिकल स्ट्राइक करने का साहस रखते हैं, लेकिन यह सरकार उनके साथ बातचीत करने का साहस नहीं रखती। पाकिस्तान के बारे में उन्होंने कहा कि यह देश आतंक फैलाता है, लेकिन खुद भी आतंक का शिकार है।

### SSP ऑफिस पर आत्मदाह की कोशिश करने वाले की मौत

**बरेली.** यूपी के बरेली में एसएसपी ऑफिस में नए साल के पहले दिन आत्महत्या की कोशिश करने वाले शख्स की मौत हो गई है। गुलफाम नाम के इस शख्स ने नए साल के पहले दिन एसएसपी ऑफिस पहुंचकर खुद पर केरोसिन तेल डालकर आत्मदाह की कोशिश की थी। गंभीर रूप से झुलसा गुलफाम बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती था।

गुलफाम का आरोप था, पत्नी व ससुरालियों के साथ इलाके के सभासद पति ने उसका ई रिक्शा और रुपये छीन लिये और बंधक बनाकर पीटा। इसकी तहरीर देने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

# नाबालिग से 5 साल में 62 ने किया रेप

**कोच और खिलाड़ियों पर आरोप; अब तक 14 लोग गिरफ्तार**

**तिरुवनंतपुरम.** केरल में दलित लड़की से विभिन्न स्थानों पर दुष्कर्म के मामले में 7 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता एक एथलीट है। अब तक इस मामले में कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। यह घटना उस समय हुई जब पीड़िता नाबालिग थी। पीड़िता अब 18 साल की है। उसने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 13 वर्ष की उम्र से अब तक 62 लोगों ने उसका यौन शोषण किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि लड़की का उसके खेल प्रशिक्षकों, साथी एथलीटों और सहपाठियों ने शोषण किया था।



राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग रखी है। साथ ही, अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है और न्याय दिलाने के लिए निष्पक्ष व समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने को कहा है। केरल महिला आयोग ने स्वतः मामला दर्ज किया और आयोग की अध्यक्ष पी. सती देवी ने पत्तनमथिट्टा के पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। यह मामला बाल कल्याण समिति की ओर से आयोजित परमार्श के दौरान सामने आया, जब एक शैक्षणिक संस्थान में पीड़िता के शिक्षकों ने समिति को उसके व्यवहार में आए महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में बताया। इसके बाद समिति ने पुलिस को सूचित किया और जांच करने के लिए पत्तनमथिट्टा के पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में विशेष जांच दल का गठन किया गया।

19 से 30 साल के बीच के गिरफ्तार आरोपी

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को जिले के 2 थानों में पांच प्राथमिकियां दर्ज होने के बाद छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, मामले के सिलसिले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी लोगों की उम्र 19 से 30 साल के बीच है और उनमें से कई का आपराधिक इतिहास रहा है। केरल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### डैम में डूबकर दो सगे भाई समेत पांच युवकों की मौत

**सिद्दीपेट.** सेल्फी के चक्कर में अकसर बड़े हादसे हो जाते हैं। तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में बेहद दुखद हादसा हो गया। यहां एक डैम में डूबने से पांच युवकों की मौत हो गई। इनमें से दो सगे भाई हैं। जानकारी के मुताबिक ये हैदराबाद से सात युवक घूमने के लिए मरकुर मंडल के कोंडापोचम्मा सागर डैम पर पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक वे डैम के पानी में उतरकर सेल्फी ले रहे थे। तभी वे डूबने लगे। दो को बचा लिया गया लेकिन पांच की मौत हो गई। डूबने वालों की पहचान धनुष (20), लोहित (17), दिनेश्वर (17), जतिन (17) और श्रीनिवास (17) के रूप में हुई है। धनुष और लोहित दोनों सगे भाई थे। जानकारी के मुताबिक शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गोताखोरों की मदद से शवों को निकाल गया। सुरक्षित बचाए गए युवकों के नाम कोमारी मृगांक और मोहम्मद इब्राहिम हैं।

बीते साल अगस्त में वाराणसी में सेल्फी लेते वक्त तीन छात्रों की जान चली गई थी। वे नाव पर सवार होकर सेल्फी ले रहे थे। तभी एक लड़की का पैर फिसला और वह गंगा में गिर गई। उसको बचाने के चक्कर में दो लड़के नदी में कूद गए और उनकी भी जान चली गई।

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सली मार गिराए

- **नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों से मुठभेड़**
- **ऑटोमेटिक वेपन बरामद, सर्चिंग जारी**

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में फोर्स ने तीन नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से तीनों के शव के साथ ऑटोमेटिक वेपन बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग जारी है। बीजापुर SP जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। घटना मद्देड़ इलाके के बन्देपारा क्षेत्र की है।

बताया जा रहा है कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों को रविवार सुबह से जवानों ने घेर रखा था। मारे गए नक्सलियों में से कुछ DVCM (डिविजनल कमेटी मेंबर) कैडर के बताए जा रहे हैं। इस कैडर के नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ में 8 लाख रुपए का इनाम है।

### नक्सलियों ने जवानों पर की फायरिंग

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल पार्क एरिया के जंगल में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को माओवादियों के कोर इलाके में ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। वहीं जवान मौके पर पहुंचे। जहां नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि फोर्स ने नक्सलियों को घेर रखा है। फिलहाल नो नेटवर्क जोन होने की वजह से जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस अफसरों का कहना है कि बड़े नक्सली लीडरों की मौजूदगी की सूचना थी। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### महाकुंभ में 12 हजार संत बनेंगे नागा संन्यासी

- **आज होगा पहला शाही स्नान**

**प्रयागराज.** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पहला शाही स्नान कल होगा। वहीं, लाखों की संख्या में भक्त संगम पहुंच रहे हैं। शनिवार को प्रदोष तिथि पर संगम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान-दान का सिलसिला शाम तक चलता रहा। महाकुंभ में तीन दिन के तप के बाद 12 हजार नागा संन्यासी बनेंगे। जूना, निरंजनी और महानिर्वाणी अखाड़ों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। धर्म ध्वजा के नीचे इनकी चोटी काटी जाएगी और फिर शाही स्नान शुरू होगा। प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ के दृष्टिगत बुंदेलखंड के महोबा जिले में जुड़ने वाली यूपी-एमपी की सीमा में पुलिस की कड़ी चौकसी शुरू कराई गयी है।पुलिस ने सीमा पर स्थापित बेरियरों में वाहनो की सघन जांच पड़ताल के अलावा सम्पूर्ण इलाके की ड्रोन से निगरानी शुरू की है।

# Apple के मालिक स्टीव जॉब्स की पत्नी को मिला नया नाम

- **कैलाशानंद गिरि ने अपना गोत्र भी दिया**

**प्रयागराज.** महाकुंभ को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कल्पवास से लेकर स्नान तक के लिए दुनियाभर से लोग प्रयागराज आ रहे हैं। दुनिया के अमीर परिवारों में से एक ऐपल के मालिक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स भी इस महाकुंभ में एक संन्यासी के रूप में दिखाई देंगी। उन्हें अपने गुरु निरंजनी पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि से गोत्र मिला है। इसके साथ ही लॉरेन को एक नई पहचान मिली है।



प्रयागराज महाकुंभ के दौरान लॉरेन कमला बनकर सनातन धर्म को समझेंगी और यहां पर कथा और प्रवचन में शामिल होंगी। स्वामी कैलाशानंद गिरि ने बताया कि लॉरेन जॉब्स की सनातन धर्म में बहुत रुचि है। वो उन्हें अपने पिता के तुल्य मानती हैं और वो भी पुत्री का स्नेह देते हैं। प्रयागराज के महाकुंभ में स्वामी कैलाशानंद गिरि ने उन्हें अपना गोत्र दिया और अब वो कमला नाम से जानी जाएंगी।

कमला बनी लॉरेंस फिलहाल वाराणसी में हैं। वाराणसी से अपनी 60 सदस्यीय टीम के साथ वह रविवार को प्रयागराज आएंगी। यहां के दो प्रमुख अमृत (शाही) स्नान में शामिल होंगी, जिसमें मकर संक्रांति का स्नान और मौनी अमावस्या का स्नान शामिल है। इसके बाद प्रयागराज से रवाना होंगी।

आपको बता दें कि लॉरेन जॉब्स का शनिवार को काशी में नया नामकरण हुआ। उनके गुरु श्रीनिरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि ने उन्हें बेटी स्वीकारते हुए कुलनाम और गोत्र के साथ कमला नाम दिया। नामकरण के बाद कमला (लॉरेन) ने अपने गुरु के साथ बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन किया। उन्होंने गंगा में नौकायन के बाद दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की ओर से होने वाली गंगा आरती भी देखी। उन्होंने बताया कि वह प्रयागराज महाकुम्भ में कल्पवास करेंगी। इस दौरान वह संतों के साथ रहकर आध्यात्मिक शांति की खोज करेंगी। प्रयाग में उनका प्रवास अधिकतम पांच दिनों का होगा।

स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा कि महाकुंभ का विराट आयोजन निर्विध्न संपादित हो, इस कामना से हमने महादेव से आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने बताया कि काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए अमेरिका से उनके शिष्य महर्षि व्यासानंद गिरि भी आए हैं। उनको महामंडलेश्वर बनाने का विधान जल्द पूरा होगा।

### ठंड से बचने को अलाव जलाकर सोई वृद्धा, जिंदा जलकर मौत

**कानपुर.** कानपुर के सरसौल में हादसा हो गया। एक महिला की जिंदा जलकर मौत हो गई। वृद्धा ने झोपड़ी में ठंड से बचने को आग लगाई थी लेकिन यही उसकी मौत का कारण बन गई। वृद्धा की झोपड़ी भी पूरी जलकर खाक हो गई और तीन मवेशी इस भीषण आग में झुलस गए। बताया जा रहा है कि महाराजपुर में ठंड के चलते वृद्धा अपनी झोपड़ी में आग जलाकर सो गई थी। आग फैल गई और पूरी झोपड़ी में लग गयी और वृद्धा की जिंदा जलकर मौत हो गयी। वहीं आग की चपेट में आने से घर के बाहर बंधे तीन मवेशी भी झुलस गए है। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग को बुझाया। जानकारी के अनुसार महाराजपुर के डोमनपुर गांव स्थित डॉक्टर का फार्म में गोवर्धन निषाद झोपड़ी बनाकर अपनी 65 वर्षीय पत्नी फूलमती के साथ रहते हैं। बताया गया कि गोवर्धन के तीन बेटे कमलेश, सुरेश और सुरेंद्र गांव में स्थित दूसरे घर मे रहते हैं। बीते शनिवार को गोवर्धन अपनी बहन रामवती को खिचड़ी देने के लिए नजफगढ़ गांव गए थे।

# मोहम्मद शमी की एक साल बाद टीम इंडिया में वापसी



- **बुमराह-सिराज को इंग्लैंड टी-20 सीरीज में आराम**
- **अक्षर पटेल उपकप्तान, पंत बाहर**

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी हो गई है। वह वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के 14 महीने बाद इंटरनेशनल मैच खेलेंगे। वहीं, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को इस सीरीज में आराम दिया गया है। BCCI ने शनिवार रात को टीम की लिस्ट रिलीज की। अक्षर पटेल को टीम का उपकप्तान बनाया गया है, सूर्यकुमार यादव कप्तानी करेंगे। ऋषभ पंत को टीम में जगह नहीं मिली है, उनकी जगह ध्रुव जुरेल बैकअप विकेटकीपर होंगे। संजू सैमसन रेगुलर विकेटकीपर के तौर पर खेलेंगे। वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में जगह दी गई है।

टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी को खेला जाएगा। 6 फरवरी से 3 वनडे की सीरीज शुरू होगी। वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान नहीं हुआ है।

### टीम सिलेक्शन की मुख्य बातें...

- मोहम्मद शमी 14 महीने बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। अगर वह इस सीरीज में फिटनेस साबित कर देते हैं तो उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।
- भारतीय टीम में शिवम दुबे, जितेश शर्मा, ऋषभ पंत और आवेश खान को जगह नहीं मिली है। वहीं, ध्रुव जुरेल और हर्षित राणा को जगह मिली है।
- नीतीश कुमार रेड्डी, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में 4 ऑलराउंडर्स को शामिल किया गया है।
- साउथ अफ्रीका से T-20 सीरीज जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे रमनदीप सिंह, जितेश शर्मा, आवेश खान, यश दयाल और विजय कुमार को मौका नहीं मिला है।


**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Portion of Room No. 1, of Brk. No. 232-A bearing Portion of C.T.S. No. 4997 Ulhasnagar-1 , dist. Thane area adm. 420 Sq Ft., equivalent to 46.6 Sq. Yards duly fitted with electric connection and water connection assessed under Municipal Ward No. 16, Property No. 16AI018458600 from (1) MRS. DURGA @ INDU DEVIDAS HARYANI, (2) MR. PRAKASH DAMOMAL HARYANI, (3) MR. NARESH DAMOMAL HARYANI,

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400 / 942266740



**उल्हासनगर महानगरपालिका**
**ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION**

दुरध्वनी क:०२५१- २७२०११९ | विस्तार क्र : २७६ | फॅक्स: ०२५१-२७२०१०४

Majhi Vasundhara | स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव | NCAP NATIONAL CLEAN AIR PROGRAMME

पर्यावरण विभाग
दिनांक:- ०८/०१/२०२५

**'जाहीर आवाहन'**

याद्वारे उल्हासनगर शहरातील सर्व नागरीकांना आवाहन करण्यात येते की, मा. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरणामार्फत आणि मुंबई उच्च न्यायालय, औरंगाबाद खंडपीठ येथे दाखल SUO MOTO PIL No.०८/२०२० मध्ये दिनांक २० डिसेंबर २०२२ रोजी मा. उच्च न्यायालयाने दिलेल्या निर्देशानुसार प्लास्टीक/सिन्थेटीक पदार्थापासून बनविलेल्या नायलॉन मांज्यामुळे पक्षी व मानवी जिवीतास दुखापती होत असल्यामुळे अशा मांज्याचा वापर करू नये. त्याचप्रमाणे आपणांस याद्वारे कळविण्यात येते की, नायलॉन मांज्यामुळे विजेच्या तारा तुटून विजपुरवठा खंडीत होणे, विदयुत उपकरणे खराब होणे, अपघात होणे, जिवीताचे नुकसान होणे, पर्यावरणाची हानी होणे इत्यादी बाबी होतात.

तथापि नागरीकांनी दिनांक १४ जानेवारी, २०२५ रोजी देशभरात सर्वत्र साजरा केल्या जाणा-या मकरसंक्रात या सणानिमित्त पतंग उडविण्याची प्रथा असली तरी पर्यावरणाची हानी टाळण्यासाठी व पक्षी व मानवी जिवीतास दुखापत होवु नये. कोणी वापर करत असतांना आढळल्यास त्यास प्रतिबंध करावा व वापराच्या दुष्परिणामाबाबत जनजागृती करावी आणि महानगरपालिका प्रशासनास सहकार्य करावे.

सही/-
**(विशाल कदम)**
सहाय्यक आयुक्त (पर्यावरण)
उल्हासनगर महानगरपालिका

**शाडूच्या मातीचा वापर करा! पर्यावरणाची हानी टाळा !! प्रदुषणाला घाला आळा। पर्यावरणाचा नाश टाळा !!**
**वातावरण राहील प्रदुषण मुक्त। तरच जीवन होईल आरोग्य युक्त !!**

**जा.क्र. उपमा। पीआरओ/21/2025**
**दिनांक : 10/01/2025**

## संक्षेप...

### कुर्ला पश्चिम में आग लगने पर हड़कंप

**मुंबई.** मुंबई में एक होटल में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। कुर्ला पश्चिम में स्थित इस होटल में एकाएक आग लगने पर हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना दमकल को दी गई। इसके बाद दमकल की गाड़ियां टैंकर के साथ मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। इस घटना में कोई भी मौत सामने नहीं आई है। होटल को नुकसान पहुंचा है, आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटें काफी दूर तक देखी गईं।

# 'उद्धव ठाकरे को गलती का अहसास हो गया'

- **नहीं चलेगा कांग्रेस से गठबंधन -बावनकुले का बड़ा दावा**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि शिवसेना (UBT) ने आगामी नगर निकाय चुनाव अकेले लड़ने का फैसला इसलिए किया है कि पार्टी को यह अहसास हो गया है कि 2019 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़कर कांग्रेस के साथ गठबंधन करना एक बड़ी भूल थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप के बीच, इसके प्रमुख घटक दल शिवसेना (उबाठा) ने दिन में घोषणा की कि वह स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी।

शिवसेना (UBT) नेता संजय राउत ने अकेले चुनाव लड़ने के फैसले के लिए गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ताओं के लिए अवसरों की कमी और संगठनात्मक विकास के अधिकार को कारण बताया। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष



बावनकुले ने कहा, 'शिवसेना को 2019 में भाजपा और देवेंद्र फडणवीस के बजाय कांग्रेस को चुनने की अपनी गलती का अहसास हो गया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी को अहसास हो गया है कि कांग्रेस की विचारधारा उसे आगे नहीं ले जा सकती है।'

उद्धव ने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के साथ कई दशक पुराना गठबंधन तोड़ दिया था और दावा किया था कि भाजपा ने मुख्यमंत्री पद साझा करने का वादा को पूरा नहीं किया इसलिए वह अलग हो रही है। उन्होंने कांग्रेस और (अविभाजित) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन किया और 2019 से 2022 तक मुख्यमंत्री रहे। बावनकुले ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए राजी करने की पूरी कोशिश करेगा।

उन्होंने कहा, 'अगर केंद्र से लेकर पंचायत स्तर तक एक ही विचारधारा वाली एक पार्टी या गठबंधन सत्ता में है, तो विकास के लिए रखा गया एक-एक पैसा दिल्ली से जमीनी स्तर तक पहुंचता है।' बावलकुले ने कहा कि महायुति में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है। इसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा अहंकारी नहीं होगी और स्थानीय चुनावों में सहयोगियों को समायोजित करने का प्रयास करेगी।

मुंबई, ठाणे और नागपुर सहित कई शहरी क्षेत्रों में चुनाव 2022 की शुरुआत से लंबित हैं। प्रदेश भाजपा के शिरडी में रविवार को आयोजित किए जा रहे एक दिवसीय सम्मेलन के बारे में बावनकुले ने बताया कि इसमें 15000 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, जिनमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 50 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### पवई में कार्यालय की 11वीं मंजिल से गिरने से महिला की मौत !

**मुंबई.** पवई कार्यालय की 11वीं मंजिल से गिरने से 27 वर्षीय महिला की मौत के एक दिन बाद, पुलिस जांच में पता चला कि जिस आपातकालीन खिड़की से वह गिरी थी, उसे ठीक से बंद नहीं किया गया था। यह घटना 9 जनवरी को सुप्रीम बिजनेस पार्क में हुई, जहां न्यूयॉर्क स्थित बीमा फर्म मार्श एंड मैक्लेनन की कर्मचारी जिनल वोरा ने खिड़की के पास कॉफी पीते समय अपना संतुलन खो दिया। वोरा 10वीं मंजिल पर बगीचे में गिर गईं, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हीरानंदानी अस्पताल में अगली सुबह उनकी मौत हो गई।

# अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ मुंबई पुलिस की सख्त कार्रवाई

- **1 जनवरी से लेकर अब तक 26 से ज्यादा बांग्लादेशी गिरफ्तार**



**मुंबई.** भारत में गैर कानूनी तरीके से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ मुंबई क्राइम ब्रांच की कार्रवाई जारी है. 1 जनवरी से लेकर अब तक मुंबई के दीगर इलाकों से 26 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए इन बांग्लादेशी नागरिकों के पास भारतीय वीजा या अन्य कानूनी दस्तावेज नहीं थे. ये लोग गैरकानीनी तरीके से भारत में रह रहे थे.

इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस अब इन नागरिकों से पूछताछ कर रही है, ताकि गैर कानूनी प्रवासियों के नेटवर्क का पता चल सके. क्राइम ब्रांच के एक सीनियर अफसर ने बताया कि भारत में गैर कानूनी तौर से से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. इस अभियान के दौरान, मुंबई के दीगर इलाकों में खास तौर से घनी बस्तियों और अंधेरे इलाकों में छापेमारी की गई.

बता दें कि मुंबई पुलिस ने मुंबई में रह रहे गैर कानूनी बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चलाकर शहर के मुस्लिम बहुल इलाकों, गोवंडी, शिवाजी नगर, मानखुर्द, देवनार, चूनाभट्टी और घाटकोपर से कई बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. इन गिरफ्तारियों में कई ऐसे लोग भी हैं, जो 10 से 15 सालों से मुंबई में रह रहे थे. पुलिस ने इन घुसपैठियों के पास से बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड और दूसरे दस्तावेजों को बरामद किया. जांच में सामने आया कि ये सभी दस्तावेज फर्जी थे. पुलिस के मुताबिक, इन घुसपैठियों के दस्तावेज एजेंटों की तरफ से बनाए गए थे, जो 5 से 10 हजार रुपये लेकर इन घुसपैठियों के लिए फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट और दूसरे जरूरी दस्तावेज तैयार करते थे. इनकी मदद से उनका आधार कार्ड भी बनवाया गया था.

मुंबई पुलिस के डीसीपी नवनाथ ढवले ने बीते दिनों कहा था कि अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है. कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिनमें से कुछ लोग 10 या 15 सालों से यहां रह रहे थे. ये लोग भारत में आकर दिहाड़ी मजदूरी जैसे भवन निर्माण, प्लंबिंग जैसे काम कर रहे थे.

### पतंग उड़ाने के लिए चीनी मांजा व धागा का नहीं करे उपयोग

**मनपा ने किया आवाहन**

**ठाणे.** पतंग उड़ाने के लिए उपयोग किया जाने वाले प्लास्टिक व सिंथेटिक पदार्थ से तैयार किया गया चीनी मांजा या धागा मनुष्य के जान के लिए घातक है। इसलिए ठाणे मनपा ने ऐसे जानलेवा मांजा को मनपा क्षेत्र के अंतर्गत प्रतिबंधित किया है। मनपा के प्रभाग समितियों में 450 दुकानों में तलाशी लिया गया जिसमें चीनी मांजा नही मिला। लेकिन तलाशी के दौरान 290 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त कर 13 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया।

पतंग उड़ाने के लिए खतरनाक धातु,कांच आदि के मिश्रण से तैयार किया गया मांजे का उपयोग करने के लिए मनपा ने परमिशन नही दिया है केवल सूती धागे का ही उपयोग करें।मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार सभी प्रभाग समिति के सहायक आयुक्त स्तर पर तलाशी व जप्ती शुरू कर दिया है।इसके लिए स्वच्छता निरिक्षक,स्वास्थ्य निरिक्षक, प्रदूषण नियंत्रण कर्मचारी का पथक तैयार किया गया है।मनपा में शिकायत के लिए 8657887101 टोल फ्री नंबर है।

# भिवंडी में ठाकरे गुट को लगा जोर का झटका

- **कई पदाधिकारियों ने शिंदे गुट में किया प्रवेश**

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में शिवसेना (ठाकरे गुट) के प्रमुख पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार्यप्रणाली पर भरोसा जताते हुए शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल के मार्गदर्शन में भिवंडी के विकास के लिए शिवसेना (शिंदे गुट) में प्रवेश कर उद्धव ठाकरे को जोर का झटका दिया है.उद्धव ठाकरे गुट के पदाधिकारियों का कहना है कि भिवंडी के विकास को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कदम उठाया है. ठाकरे उद्धव गट से पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हुए प्रमुख पदाधिकारियों में महेंद्र कुंभारे



(शहर सचिव), दिलीप नाइक और उमेश कोंडलेकर (दोनों विधानसभा संघटक), गोकुल कदम और दिलीप कोंडलेकर (विधानसभा सचिव), राकेश मोरे, वीरेंद्र पाटिल और मनोज पाटिल (उपशहरप्रमुख), और सोमनाथ भोईर, गंगाधर बलांडे, रमेश पवार (विभाग प्रमुख), राहुल मोरे, शंकर बेदरकर, दुर्वेन धुमाल, विराज मोरे, अभिषेक तिवारी, जतीन मोरे और राहुल झा समेत कई अन्य शिवसैनिकों ने भी एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना का दामन थाम लिया है. शिवसेना में शामिल होने वाले पदाधिकारियों ने कहा कि, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विकास के विकास कार्यों और शिवसेना नेता प्रकाश पाटिल के मार्गदर्शन ने शिवसेना प्रवेश के लिए प्रेरित किया.शिवसेना प्रवेश का फैसला भिवंडी के सर्वांगीण विकास और जनता की सेवा को प्राथमिकता देते हुए लिया है.शिवसेना शिंदे गुट के माध्यम से भिवंडी में नई योजनाओं और प्रगतिशील कार्यों को करने में आसानी होगी.

भिवंडी में शिवसेना (ठाकरे गुट) के प्रमुख नेताओं का शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होने से ठाकरे गुट को बड़ा झटका लगा है. शिवसेना शिंदे गुट अपनी ताकत बढ़ाते हुए आगामी मनपा चुनावों में ताकत दिखाने में जुटी है. उद्धव गट से शिवसैनिकों के हो रहे पलायन से भिवंडी में शिवसेना उद्धव गट में निराशा फैली है.

## शिक्षण विभाग ने किया सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**ठाणे.** अभिनेता व निर्माता मंगेश देसाई ने कहा कि मनपा स्कूल के विद्यार्थियों के कला महान प्रतिभा है।इनको बाल रंगकर्मी कला से प्रशिक्षित कर राज्य में इनका 25 कार्यक्रम करवाना चाहिए।मनपा स्कूलों का केंद्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में किया गया।इसमें पहली से पाचवी के कुल 24,छठवीं से आठवीं के कुल 61 स्कूलों ने भाग लिया।जबकी नाट्य विभाग के 19 सेक्शन के 104 स्कूलों ने भाग लिया।अभिनेता मंगेश देसाई व उपायुक्त सचिन सांगले के हाथों से मेधावी छात्रों को पारितोषिक वितरण किया गया।विद्यार्थियों ने 13 नृत्य 2 नाटक सहित 15 कार्यक्रम प्रस्तुत किए।इस अवसर पर समूह पदाधिकारी संगीता बामणे, प्राथमिक शिक्षक संघ पदाधिकारी बाबाजी फ़ापाले, जिला प्राथमिक शिक्षक सहकारी पटपेढ़ी ठाणे व पालघर निदेशक जगन्नाथ जाधव आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का समापन टीम लीडर प्रेरणा कदम के राष्ट्रगान करके हुआ।


**CHANGE OF NAME**

I Declare My Old Name from
**SUNITA ARJANDAS DODEJA**
to now My New Name is
**MANJU ASHOK RAJANI.**
So all the public now call me
**MANJU ASHOK RAJANI**

(Add: Regency Gaurav Apartment, Flat No. 602, Near Nizdham Ashram, Ulhasnagar-421005. Dist Thane).


# शातिर चेन स्नैचर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **शांतिनगर पुलिस ने 1.22 लाख का माल किया बरामद**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी सहित समूचे महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों में चैन स्नॅचिंग अपराध में शामिल टोली के एक प्रमुख आरोपी गुलाम अली जाकीर जाफरी(27) को शांतीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 1 लाख 22 हजार रुपये कीमत का मुद्देमाल बरामद किए जाने में सफलता हासिल की है.उक्त जानकारी शांतीनगर पुलिस स्टेशन वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निरीक्षक विनायक गायकवाड ने पत्रकार परिषद में दी.

शांतिनगर पुलिस स्टेशन इंचार्ज वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड ने बताया कि, भादवड स्थित स्वामी नारायण मंदिर में दर्शन के लिए मुंबई से आई आरमुगकणी वेलराज नाडार नामक महिला के गले से रिक्शा में सवार होकर घर वापस लौटते समय काले रंग की मोटर साइकिल पर आए 2 युवकों ने गले से सोने की चेन खींचकर रफूचक्कर हो गए थे.वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड, पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) विनोद पाटील के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे,पुलिस हवालदार रिजवान सैय्यद, लक्ष्मण सहारे,मुके,प्रशांत बर्वे,दिपक सानप, भुषण पाटील,महिला पुलिस शिपाई आंधले की टीम ने तहकीकात कर आरोपी गुलाम अली जाकीर जाफरी को चेन विक्री के लिए ले जाने के दौरान धर दबोच कर कानून के हवाले किया. पुलिस ने उसके पास से पुणे से चोरी कर लाई गई मोटरसाइकिल भी बरामद की.पुलिस ने आरोपी को भिवंडी कोर्ट में पेश किया जहां से कोर्ट ने 13 जनवरी तक पुलिस कस्टडी प्रदान की है.







**आम सूचना**

मैं श्रीमती निशा रामानंद केवट सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, स्वामी शांति प्रकाश स्कूल के पीछे, हनुमान मंदिर के पास, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 57डीआय019868600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनिता भोलानाथ केवट, श्री राजजनक अमरनाथ केवट, मिस कोमल रामानंद केवट, प्रीति रमानंद केवट, प्रियंका रमानंद केवट, अनुराग रमानंद केवट व ऋतिक रमानंद केवट के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती निशा रामानंद केवट**


# अब्दुल अज़ीज़ अंसारी सर सम्मानित

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** उर्दू चैनल और मुंबई विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग द्वारा उर्दू महोत्सव का आयोजन कालीना कैंपस के मराठी भाषा भवन हाल में किया गया. उक्त अवसर पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.स्वागत सम्मान समारोह में, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज भिवंडी के पूर्व उप-प्रधानाचार्य और रईस कैंपस में स्थित वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के कोआर्डिनेटर अब्दुल अज़ीज़ अंसारी को उनकी शैक्षणिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक सेवाओं के लिए 'अनवारे तदरीस अवार्ड' से सम्मानित किया गया.गौरव पुरस्कार एड. सैयद जलालुद्दीन, डॉ.कमर सिद्दीकी और डॉ. अब्दुल्ला इम्तियाज द्वारा प्रदान किया गया. सम्मान एवं पुरस्कार पर हर्ष व्यक्त करते हुए केएमई सोसायटी प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, रईस हाईस्कूल एंड जूनियर कालेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक मुख्याध्यापक मुखलिस मदू, सुपरवाइजर्स असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर एवं समस्त स्टाफ ने अब्दुल अज़ीज़ अंसारी सर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

### 'मुन्ना भाई' हुए गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान नकल करते हुए एक परीक्षार्थी को पकड़ा गया है. वो बेहद ही हाईटेक तरीके से इस परीक्षा में नकल कर रहा था. संदेह होने पर जांच के दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया. उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. पूरे महाराष्ट्र से तमाम लड़के-लड़कियां पुलिस कांस्टेबल बनने की चाहत में परीक्षा देने मुंबई पहुंचे हैं. बोरीवली के जया बेन खोत परीक्षा केंद्र में भी पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा चल रही थी. इसी दौरान पर्यवेक्षक की जांच में पाया गया कि एक परीक्षार्थी की कान में ब्लूटूथ फंस गया है और जब जांच की गई तो पता चला कि इस ब्लूटूथ के जरिए उसे पेपर सॉल्व कराया जा रहा था.


**आम सूचना**

हम श्री सरवजीत रामनयन प्रजापती व श्री इंद्रजीत रामनयन प्रजापती सभी को सूचित कर रहे हैं कि हाफ पोर्शन आफ शाप, 128 चौ.फुट, आजाद नगर, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ004453800(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामनारायण अल्यास रामनयन रामप्रसाद प्रजापती के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 8.1.2025 सी.नं. 77 द्वारा हमें दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सरवजीत रामनयन प्रजापती व श्री इंद्रजीत रामनयन प्रजापती**

**आम सूचना**

मैं श्री रशीद मोहम्मद रफीक अंसारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, हनुमान मंदिर के सामने, जनता ट्रांसपोर्ट के पास, रोहित आटो गैरेज, कल्याण अंबरनाथ रोड, सेक्शन 17, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 30सीओ005774900) उक्त प्रॉपर्टी श्री सैटलिन रोबेन एबेनेज़र के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रशीद मोहम्मद रफीक अंसारी**

**आम सूचना**

मैं श्री शिवलाल रामप्रसाद प्रजापती सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन आफ शॉप, 128 चौ.फुट, आजाद नगर, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 25बीओ004453800(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री रामनारायण अल्यास रामनयन रामप्रसाद प्रजापती के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 8.1.2025 सी.नं. 80 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शिवलाल रामप्रसाद प्रजापती**

**आम सूचना**

मैं श्री विनोद कृष्णामोहन गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, अपर फ्लोर, भीम कालोनी, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीओ009731800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मीना कृष्णमोहन गुप्ता के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 9.1.2025 सी.नं. 80 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विनोद कृष्णामोहन गुप्ता**


# सपरिवार गोल्डन टेंपल पहुंची अनन्या पांडे

- **अमृतसर के कुलचे खाए और लस्सी पी**
- **रोमांटिक ड्रामा चांद मेरा दिल में नजर आएंगी**



अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में आज बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपनी मां भावना पांडे और बहन रीसा पांडे के साथ माथा टेका। इस दौरान अभिनेत्री ने सफेद रंग की फूलदार सूट पहने नजर आई। अनन्या ने अपनी इस यात्रा की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की, जिनमें वह स्वर्ण मंदिर में हाथ जोड़कर प्रार्थना करती नजर आईं। माथा टेकने के बाद अनन्या और उनके परिवार ने अमृतसर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा। उन्होंने कुल्हड़ में लस्सी और कुलचे का आनंद लिया, जिसकी झलक भी उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ साझा की।अनन्या जल्द ही रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में नजर आएंगी, जिसमें उनके साथ अभिनेता लक्ष्य हैं। विवेक सोनी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी। इससे पहले उन्होंने नेटफ्लिक्स की फिल्म 'CTRL' में एक प्रभावशाली व्यक्ति नैला अवस्थी का किरदार निभाया था। एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में अनन्या की मां भावना पांडे ने बेटी की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वह उनकी उपलब्धियों पर गर्व महसूस करती हैं। उन्होंने अनन्या को आलोचनाओं से दूर रहने और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह भी दी।


**STAFF REQUIRED**

**SINDHI MALE**

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
**MR. RAJESH**
**Mob. No. : 9307579475**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099